प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/6462 दिनांकः 03 जनवरी, 2023

सेवा में,
निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र/छात्राएं
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर तथा बी0टेक0, बी0फार्म एम0सी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर को छोड़कर) में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयो के **प्रथम चरण** की परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत करना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर तथा बी0टेक0, बी0फार्म एम0सी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर को छोड़कर) में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की **प्रथम चरण** की परीक्षाये दिनांक **04 जनवरी, 2023 से दिनांक 25 जनवरी, 2023** तक आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

अतः स्पष्ट है कि सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के प्रथम चरण में केवल निम्न तालिका में दिये गये पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों मे अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर एवं कैरी विषयों की परीक्षायें ही कराया जाना निर्धारित है:'

क्र0सं0	पाठ्यक्रम	सेमेस्टर
1	बी0टेक0	5 एवं 7
2	बी0फार्म0	5, 6, 7 एवं 8
3	बी0आर्क	3, 5, 7 एवं 9
4	बी0एच0एम0सी0टी0	3, 5 एवं 7
5	बी0एफ0ए0	3, 5 एवं 7
6	बी0एफ0ए0डी0	3, 5 एवं 7

क्र0सं0	पाठ्यक्रम	सेमेस्टर
7	एम0सी0ए0	5
8	एम0यू0आर0पी0	3
9	बी0वोक	3 एवं 5
10	एम0सी0ए0-इंटीग्रेटेड	3, 5, 7, एवं 9
11	एम0बी0ए0- इंटीग्रेटेड	3, 5, 7 एवं 9
12	एम0टेक0- इंटीग्रेटेड	3, 5, एवं 7

उक्त परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र, वेरिफिकेशन कार्ड एवं परीक्षार्थियों की सूची इत्यादि संस्थान की ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है तथा पात्र/अर्ह छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र भी ई0आर0पी0 लॉगिन द्वारा निर्गत करा दिया गया है।

उपरोक्त के क्रम यह भी अवगत करना है कि उक्त तालिका में अंकित पाठयक्रमों की उक्त सेमेस्टरों की परीक्षाओं को छोडकर अन्य सेमेस्टरों की परीक्षायें तथा शेष पाठ्यक्रमों के सभी सेमेस्टरों की परीक्षायें आगामी (द्वितीय) चरण में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है, जिसकी सूचना ससमय अलग से उपलब्ध कराई जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि तदनुसार अवगत होते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करते हुए यथा आवश्यक कार्यवाही कर सेमेस्टर परीक्षा में पूर्ण सहयोग देने का कष्ट करें।

भवदीय

03.1.2023

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक